**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–02.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में जिला दिशा की बैठक आयोजित, सांसद–विधायकों ने दलगत भावना से ऊपर उठकर रांची को नंबर वन शहर बनाने का लिया संकल्प।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न, मुफ्त बाल शिक्षा संशोधन नियमावली सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी।**
3. **घाटशिला उपचुनाव की तैयारी शुरू, 300 बूथों पर 2 लाख 51 हज़ार मतदाता करेंगे मतदान, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा– 29 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची होगी जारी।**
4. **रांची और गिरिडीह पुलिस ने चोरी और अवैध शराब की तस्करी की वारदातों का किया भंडाफोड़, कुल सात आरोपी गिरफ्तार।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य में पांच सितंबर तक तेज हवा, वज्रपात और बारिश का जारी किया येलो अलर्ट।**

*******************

सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज राजधानी रांची में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति, दिशा की बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि सभी सांसद और विधायक ने दलगत भावना से ऊपर उठकर रांची को नंबर वन शहर बनाने का संकल्पे लिया है, साथ ही रांची को जल्द ही केतारी बागान और पावर हाउस दो फ्लावर की सौगात मिलने वाली है।

इधर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भाजपा सांसदों और विधायकों पर आरोप लगाया कि वे बैठक में गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि केंद्र सरकार झारखंड में केंद्रीय योजनाओं में अपना अंशदान तक नहीं दे रही है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज रांची में मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने जानकारी दी कि झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2025 को मंजूरी दी गई और आपदा प्रभावितों को मुआवजा शीघ्र देने के निर्देश दिए गए। बैठक में राज्य में पथ निर्माण, संचरण लाइन और सब–स्टेशन परियोजनाओं के लिए प्राक्कलित राशि की प्रशासनिक स्वीकृति और ललित कला, संगीत नाटक व साहित्य अकादमी के गठन की मंजूरी भी दी गई।

*******************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों के लिए निर्वाचन आयोग ने काम शुरू कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 2 सितंबर से 17 सितंबर तक मतदाता सूची पर आपत्ति जताने का समय रहेगा और 29 सितंबर को फाइनल वोटर लिस्ट जारी होगी।

गौरतलब है कि मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद खाली हुई इस सीट पर कुल 3 सौ पोलिंग बूथ बनाए गए हैं और 2 लाख 51 हज़ार 3 सौ 67 मतदाता हैं।

*******************

रांची के कांके और रातु नगड़ी समेत कई इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर चोरी के जेवरात और नगद बरामद किए हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि यह गिरोह बंद घरों को निशाना बनाता और दिनदहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम देता था।

*******************

गिरिडीह में पुलिस ने दो वाहनों से 829 बॉटल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने जानकारी दी कि शराब जमुआ से बिहार ले जायी जा रही थी और दो वाहनों को भी पुलिस ने कब्जे में लिया।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले की अनुसूचित जनजातीय आबादी के सर्वांगीण विकास के लिए **आदि कर्मयोगी अभियान** के तहत प्रत्येक ग्राम में **"आदि सेवा केन्द्र"** का निर्माण किया जाएगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

************************

मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में पांच सितंबर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जताई है और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि निम्न दबाव के कारण अगले दो–तीन दिनों तक बारिश के साथ तेज हवा और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

********************